



# All-Inclusive Current Affairs for Prelims 2023

## Economy Class-12

### महत्वपूर्ण वक्र (Important Curves)

| लाफर वक्र | फिलिप्स वक्र | लोरेंज वक्र | कुज़नेट वक्र |
|---|---|---|---|
| लफंडर टैक्स नहीं देते | Bulb बनाता था अब बेरोजगार है | मर्सिडीज बेंज का रिश्तेदार | |
| टैक्स रेट और टैक्स राजस्व | बेरोजगारी और मुद्रास्फीति | आय या धन की असमानता | प्रति व्यक्ति आय और असमानता |
|   |   |   |   |
| Tax ₹₹₹₹₹₹₹₹₹₹₹ Tax ₹₹₹₹₹₹₹₹₹₹₹ अधिक टैक्स → काम करने के लिए कम प्रोत्साहन |   No जॉब → No मनी → कम मांगजनित मुद्रास्फीति |   |   असमानता बढ़ रही है क्योंकि अमीर तेज गति से अमीर हो रहे हैं |

FINANCIAL EXPRESS
Read to Lead

**India's rank on UNDP's global Human Development Index falls one notch to 132**

New Delhi | September 9, 2022 05:30 IST

India's rank in the global Human Development Index (HDI) slipped marginally to 132, out of 191 countries and territories, in the 2021/22 report, with most countries registering a decline in their HDI value. India's rank was 131 last year.

For the first time, the HDI has declined for two years in a row, with 90% of countries registering a decline in their HDI value in 2020 or 2021, in the face of multiple crises like Covid-19, the war in Ukraine, and dangerous planetary changes. HDI is a measure of a nation's health, education and average income.

### मानव विकास (Human Development)

HDR तैयार करने वाला **पहला राज्य** - **MP** (1995 में)




**UNDP**


- 1965/66, न्यूयॉर्क
- पूर्ण रूप से स्वैच्छिक योगदान द्वारा वित्त पोषित
- मूल संगठन: ECOSOC

*क्या आपको पता है ?*
ECOSOC के पहले अध्यक्ष एक भारतीय थे
( रामास्वामी मुदलियार )

**भारत का HDI स्कोर**

**1990-2018** : हर साल वृद्धि
**2019** : कोई वृद्धि/ गिरावट नहीं
**2020** : गिरावट **2021** : गिरावट

**World 0.73**
**India 0.63**




दक्षिण एशिया में भारत सबसे अच्छा है? नहीं
BRICS में भारत सबसे खराब है? हाँ

| | |
|---|---|
| 073 श्रीलंका | 052 रूस |
| 090 मालदीव | 079 चीन |
| 127 भूटान | 087 ब्राजील |
| 129 बांग्लादेश | 109 दक्षिणअफ्रीका |
| **132 भारत** | **132 भारत** |
| 143 नेपाल | |
| 161 पाकिस्तान | |
| 180 अफगानिस्तान | |

**मानव विकास रिपोर्ट (HDI)**

**2021/22 HDR रिपोर्ट का शीर्षक:**
"अनिश्चित समय, अस्थिर जीवन: बदलती दुनिया में हमारे भविष्य को आकार देना"

**HDR रिपोर्ट में कुछ सूचकांक**
मानव विकास सूचकांक (HDI)
असमानता समायोजित HDI
लैंगिक विकास सूचकांक
लैंगिक असमानता सूचकांक
बहुआयामी गरीबी सूचकांक (MPI)

## मानव विकास रिपोर्ट (HDR)

- मानव विकास मापने के लिए UNDP, HDI और HPI का उपयोग करता है।
- **1990** से UNDP हर साल HDR प्रकाशित कर रहा है।
- प्रारंभिक रिपोर्ट्स बनाने में **अमर्त्य सेन और महबूब-उल-हक** ने साथ काम किया था ।

## मानव विकास सूचकांक (HDI)

- **1990** में पाकिस्तानी अर्थशास्त्री **डॉ महबूब-उल-हक** द्वारा बनाया गया था
- **स्वास्थ्य ,शिक्षा** और **संसाधनों तक पहुंच** के आधार पर देशों की रैंकिंग की जाती है ।
- ये रैंकिंग, 0 से 1 के बीच के स्कोर पर आधारित हैं (उच्च स्कोर बेहतर है)

## मानव गरीबी सूचकांक (HPI)

- इसे 1997 में HDR में पेश किया गया था।
- 2010 में इसे **MDPI** (Society पेज-3) से बदल दिया गया।

**Prelims 1995**

निम्नलिखित में से किस पंचवर्षीय योजना ने **मानव विकास** को सभी विकास प्रयासों के मूल के रूप में मान्यता दी?

(a) तीसरी पंचवर्षीय योजना (b) पांचवीं पंचवर्षीय योजना

(c) छठी पंचवर्षीय योजना **(d) आठवीं पंचवर्षीय योजना**

**UP-PCS 2019**

**जीवन की भौतिक गुणवत्ता (Physical Quality of Life)** सूचकांक किसके द्वारा विकसित किया गया था?

(a) **मॉरिस डेविड मॉरिस** (b) UNDP

(c) महबूब-उल-हक (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

*1970 के दशक में मॉरिस डेविड मॉरिस द्वारा विकसित।*

*पैरामीटर: साक्षरता, शिशु मृत्यु दर, जीवन प्रत्याशा*

**Prelims 2011** निम्नलिखित पर विचार करें:

1. शिक्षा का अधिकार
2. समानता के साथ सार्वजनिक सेवा प्राप्त करने का अधिकार
3. भोजन का अधिकार

“मानव अधिकारों की व्यापक उद्घोषणा” के अंतर्गत उपर्युक्त में से कोन-से अधिकार मानव अधिकारों में आते हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 1, 2 (c) केवल 3 **(d) 1, 2, 3**

---

*NCERT Class -12 --- मानव भूगोल के मूल सिद्धांत --- Chapter-4: मानव विकास*

## वृद्धि vs विकास

- **वृद्धि** मात्रात्मक होती है।
  - यह सकारात्मक या नकारात्मक हो सकती है।
- **विकास** गुणात्मक होता है।
  - यह केवल सकारात्मक होता है।

**वृद्धि** होने से **विकास** होगा ही होगा, ये जरुरी नहीं । उदाहरण - जनसंख्या के कारण एक शहर की **वृद्धि** हो सकती है, लेकिन हो सकता है की स्वास्थ्य, शिक्षा आदि के मामले में **विकास** न हो पाए

## डॉ महबूब-उल-हक

- इन्होने **मानव विकास** की अवधारणा पेश की थी
- यानी वह विकास, जो मानवीय चुनाव (choices) को बढ़ाता है और लोगो के जीवन में सुधार लाता है

## मानव विकास के उपागम (Approaches)

| | |
|---|---|
| **बुनियादी ज़रूरतें उपागम** | ➢ 6 बुनियादी जरूरतें: स्वास्थ्य, शिक्षा, भोजन, पानी, स्वच्छता, आवास<br>➢ यह मानवीय चुनाव (Choices) की उपेक्षा करता है और बुनियादी जरूरतों पर जोर देता है<br>➢ यह उपागम ILO द्वारा प्रस्तावित किया गया था |
| **कल्याण उपागम** | ➢ मानव विकास की ज़िम्मेदारी सरकार की होती है (लोक-कल्याण पर अधिक खर्च करके)<br>➢ सरकार को स्वास्थ्य, शिक्षा आदि पर अधिक खर्च करना चाहिए<br>➢ जनता विकास कार्यों की लाभार्थी होती<br>    ➢ जनता निष्क्रिय प्राप्तकर्ता हैं ; वह विकास में भाग नहीं लेती |
| **आय उपागम** | ➢ मानव विकास आय से जुड़ा हुआ है<br>➢ आय स्वतंत्रता को दर्शाती है<br>➢ जितनी ज्यादा आय, उतना ज्यादा मानव विकास |
| **क्षमता उपागम** | ➢ यह उपागम प्रोफेसर अमर्त्य सेन से जुड़ा है<br>➢ स्वास्थ्य, शिक्षा और संसाधनों तक पहुंच में मानव क्षमताओं का निर्माण मानव विकास की कुंजी है |

## मानव विकास के चार स्तंभ

| | |
|---|---|
| **समता** | अवसरों तक समान पहुंच |
| **सतता/निरंतरता** | अवसरों की निरंतर उपलब्धता |
| **उत्पादकता** | लोगों की क्षमता में बढ़ोतरी |
| **सशक्तिकरण** | चुनने की शक्ति |



ALL INCLUSIVE IAS

### सामाजिक पूंजी

- सामाजिक नेटवर्क में पारस्परिक संबंधों से उत्पन्न मूल्य
- **उदाहरण** - SHG में आम समस्या पर महिलाओं द्वारा चर्चा करना ; दोस्त से कुछ उधार लेना; जरूरत पड़ने पर पड़ोसी की मदद करना।

### Prelims 2019

किसी भी देश के संदर्भ में, निम्नलिखित में से किसे उस देश की सामाजिक पूँजी (सोशल कैपिटल) के भाग के रूप में समझा जाएगा?

(a) जनसंख्या में साक्षरों का अनुपात

(b) इसके भवनों, अन्य आधारिक संरचना और मशीनों का स्टॉक

(c) कार्यशील आयु समूह में जनसंख्या का आमाप

(d) **समाज में आपसी भरोसे और सामंजस्य का स्तर**


---

*NCERT Class-11 --- भारतीय आर्थिक विकास --- Chapter-4: भारत में मानव पूंजी निर्माण*



| **Physical capital**<br>**भौतिक पूंजी** | **Human capital**<br>**मानव पूंजी** |
|---|---|
| यह मालिक से **वियोज्य** (अलग किया जा सकता) है।<br>जहां संपत्ति का उपयोग किया जाता है, वहां मालिक का उपस्थित होना आवश्यक नहीं । | यह मालिक से **अवियोज्य** है।<br>जहां संपत्ति का उपयोग किया जाता है, वहां मालिक का उपस्थित होना आवश्यक । |
| यह **मूर्त है** ।<br>इसे आसानी से बाजार में बेचा जा सकता है। | यह **अमूर्त है** । इसे **बेचा नहीं जा सकता** ।<br>केवल इसकी सेवाएं बेची जा सकती हैं। |
| यह देशों के बीच **गतिशील** है | यह राष्ट्रीयता और संस्कृति द्वारा **सीमित** है |
| समय के साथ इसका **मूल्यह्रास** होता है और अप्रचलित हो जाता है । | उम्र के साथ इसका **मूल्यह्रास** होता है , लेकिन स्वास्थ्य और शिक्षा में निवेश करके इसके मूल्यह्रास को कम किया जा सकता है |
| यह केवल **निजी लाभ पैदा करता है** ।<br>यानी भुगतान करने वालों को ही लाभ मिलता है<br>**उदाहरण** - जो भुगतान करते हैं, उन्हें ही बस की सवारी मिलती है | यह **निजी और सामाजिक, दोनों तरह के लाभ पैदा करता है** ।<br>यानी जो भुगतान नहीं करते, उन्हें भी लाभ मिलता है<br>**उदाहरण** - अच्छा ड्राइविंग-कौशल पैदल चलने वालों को भी बचाता है |

## Equality vs Equity






ALL INCLUSIVE IAS

## ग्लास सीलिंग

अदृश्य अवरोध, जो महिलाओं (या अन्य समूहों) को एक संगठन में ऊपर बढ़ने नहीं देता



## ग्लास क्लिफ

असफलता की संभावना अधिक होने पर महिलाओं (या अन्य समूहों) को नेतृत्व की भूमिका देना



## कॉलर कलर

ये सामान्यतः रूपक /लाक्षणिक हैं (वास्तविक पोशाक का विवरण नहीं हैं)







| व्हाइट कॉलर | ब्लू कॉलर | पिंक कॉलर |
|---|---|---|
| डेस्क वर्क | शारीरिक श्रम | केयर उद्योग |
| **जैसे** मैनेजर, आईटी, इंजीनियर | **जैसे** कारखाना, खनन, निर्माण | **जैसे** सौंदर्य, नर्सिंग, शिक्षण |

## रचनात्मक अर्थव्यवस्था



THE HINDU

'Creative economy accounted for $121 billion of exports in 2019'


September 03, 2022 07:44 pm | Updated 09:12 pm IST - New Delhi

India's creative economy comprising the arts and crafts, audio and video arts and design, among others, accounted for exports of goods and services worth $121 billion in 2019, according to a paper by the Exim Bank of India.

**EXIM बैंक** (निर्यात-आयात बैंक)

- वर्ष: 1982, मुख्यालय: मुंबई, मंत्रालय: वित्त
- भारतीय निर्यात-आयात बैंक अधिनियम, 1981 के तहत स्थापित।
- यह निर्यातकों, आयातकों, सरकारों, बैंकों आदि को ऋण देता है।
- यह एक विशिष्ट वित्तीय संस्थान है। इसका पूर्ण स्वामित्व भारत सरकार के पास है

*नोट: निम्नलिखित सभी में कुछ मात्रा में ओवरलैप है*




**Creator economy / Influencer economy**

**निर्माता अर्थव्यवस्था**

लोग अपने हुनर की ऑनलाइन मार्केटिंग कर कमाई करते हैं

**जैसे** - YouTube, TikTok, Patreon आदि

**Creative economy**

**रचनात्मक अर्थव्यवस्था / ऑरेंज इकोनॉमी**

कला, शिल्प, ऑडियो, वीडियो, डिजाइन आदि से जुड़ी अर्थव्यवस्था





**प्लेटफार्म अर्थव्यवस्था**

आर्थिक गतिविधियों को डिजिटल प्लेटफॉर्म से सुगमता मिलना

**जैसे** - in-drive, Zomato, Uber आदि

**गिग इकोनॉमी**

पूर्णकालिक स्थायी कर्मचारियों के बजाय फ्रीलांसरों द्वारा किया जाने वाला अंशकालिक (part-time) कार्य

- **जैसे** - upwork, inDrive, Zomato, Uber

**शेयरिंग इकोनॉमी / पीयर-टू-पीयर इकोनॉमी**

- निष्क्रिय संपत्तियों और सेवाओं के उपयोग को साझा करने के लिए अल्पकालिक P2P लेनदेन
- **जैसे** - Airbnb, P2P lending, Co-working space आदि



ALL INCLUSIVE IAS

# महामारी कोष Pandemic Fund

The Pandemic Fund
FOR A RESILIENT WORLD


Business Standard

**G20 unveils global pandemic fund to avoid repeat of Covid pandemic**

Funds will be used to help countries prevent future pandemics; fundraising currently at $1.4 billion

3 min read Last Updated : Nov 14 2022 | 12:20 AM IST

- ❑ नवंबर **2022** में इंडोनेशिया में **G20** शिखर सम्मेलन में लॉन्च किया गया
- ❑ निम्न और मध्यम आय वाले देशों को महामारी की रोकथाम, तैयारी, प्रतिक्रिया के लिए अपनी क्षमता को मजबूत करने के लिए वित्त-सुविधा दी जाएगी । (रोग निगरानी, प्रयोगशालाएं आदि)
- ❑ **भारत** समेत कई देश इसमें फंड दे रहे हैं।
- ❑ यह विश्व बैंक द्वारा होस्ट की जाने वाली **कई FIFs में से एक है**
- ❑ ट्रस्टी - **विश्व बैंक**
- ❑ सचिवालय - **विश्व बैंक** द्वारा होस्ट किया जाएगा
- ❑ तकनीकी सहयोग - **WHO** देगा

---

***वित्तीय मध्यस्थ निधि***
***(Financial Intermediary Fund)***




- ❑ FIF एक **वित्तीय व्यवस्था** है जो कुछ अंतर्राष्ट्रीय पहलों का समर्थन करने के लिए विभिन्न स्रोतों से संसाधनों को पूल करता है।
- ❑ विश्व बैंक **26 से अधिक FIF** के ट्रस्टी के रूप में कार्य करता है :
  - महामारी कोष, वैश्विक पर्यावरण सुविधा (GEF), अनुकूलन निधि , हरित जलवायु कोष (GCF), कम विकसित देश निधि (LDCF), महामारी संबंधी तैयारी के नवाचारों का गठबंधन (CEPI), स्वच्छ प्रौद्योगिकी कोष (CTF), वैश्विक बुनियादी ढांचा सुविधा (GIF) आदि।

# कयामत का चक्र Doom Loop

(अर्थव्यवस्था, पर्यावरण, मनोविज्ञान आदि)


The Economist explains

What is the "doom loop" in the euro zone?

A vicious cycle in countries' financial systems has analysts worried

Jun 22nd 2022

**कयामत का चक्र**

एक नकारात्मक घटना, दूसरी घटना को ट्रिगर करती है , जो और अधिक नकारात्मक घटनाओं को ट्रिगर करती है, जिससे पहली घटना और ज्यादा बिगड़ जाती है।

**अर्थव्यवस्था में कयामत का चक्र**

- ❑ यह उच्च NPA, अत्यधिक राजकीय/सार्वजनिक ऋण, कमजोर बैंकिंग प्रणाली, ब्याज दर में अत्यधिक वृद्धि आदि के कारण हो सकता है।
- ❑ चक्र को रोकने या तोड़ने के लिए, **सरकार के हस्तक्षेप** (जैसे - बेलआउट पैकेज) की आवश्यकता पड़ती है।

ALL INCLUSIVE IAS